दिन– मंगलवार दिनांक– 30/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

पेरिस ओलंपिक में भारत ने निशानेबाजी में दूसरा पदक प्राप्त किया है। मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने दस मीटर एयर पिस्टल मिश्रित युगल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। मनु भाकर का पेरिस ओलंपिक में यह दूसरा पदक है। इसके साथ ही मनु भाकर का नाम भारतीय ओलंपिक इतिहास में दर्ज हो गया है। निशानेबाजी में दो कांस्य पदक प्राप्त कर मनु एक ओलंपिक में सबसे ज्यादा पदक प्राप्त करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गयी हैं।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के लिए दूसरा कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि एक ही ओलिम्पिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनकर मनु भाकर ने इतिहास रच दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बधाई संदेश ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन से देश गौरवांवित हो रहा है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव और गणमान्य लोगों ने भी भारतीय निशानेबाजों को शुभकामनाएं दी है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश की सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और वह दिन दूर नहीं जब यह वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। श्री मोदी आज नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ–सीआईआई द्वारा आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। ''विकसित भारत की ओर यात्रा'' नामक इस सम्मेलन में श्री मोदी ने कहा कि महामारी से जूझने के बाद भी भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार जिस गति से बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है वह अभूतपूर्व है।

———————————————————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सरकार सब्सिडी देने पर विचार कर रही है। लोकसभा में आज एक प्रश्न

का जवाब देते हुये श्री चौहान ने कहा कि सरकार किसानों की हरसंभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम चम्पारण संसदीय क्षेत्र से सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल को लोकसभा में पार्टी का मुख्य सचेतक बनाया है। इसके साथ ही दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर को सोलह सचेतकों की सूची में शामिल किया गया है। पार्टी में विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है।

———————————————————————

पूरे प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की गतिविधि कमजोर रही है, जिसके कारण राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कुछ स्थानों को छोड़कर अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क बना हुआ है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जा सकती है। इधर, विभाग ने राज्य के दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–पूर्व और उत्तर–पश्चिम भागों में अगले दो दिनों के दौरान विभिन्न स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

———————————————————————

अररिया जिले में अलग–अलग स्थानों पर डूबने की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक अन्य व्यक्ति लापता बताया जा रहा है। वहीं, मुंगेर जिले में बबुआ गंगा घाट पर स्नान करने के दौरान दो किशोर डूब गये। गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम दोनों किशोर की खोजबीन में जुटी है।

———————————————————————

जमुई के जिलाधिकारी राकेश कुमार ने बरहट प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित कर्मी संतोष कुमार को रिश्वत के रूपयों के साथ गिरफ्तार करवा दिया। जिलाधिकारी को जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आरोपी द्वारा रिश्वत की मांग करने की शिकायत मिली थी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।